सीएम के गृह नगर में महाकुंभ की अधोसंरचना को मिल रही गति

नए मार्ग निर्माण पर जोर, संभाग आयुक्त कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त ने देखे निर्माण, 30000 करोड़ के काम चल रहे

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में सिंहस्थ-2028 (महाकुंभ) की तैयारियां लगातार गति पकड़ रही हैं। आगामी महाकुंभ को ध्यान में रखते हुए शहर में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये से सड़क, पुल, घाट, पेयजल, सीवरेज, विद्युत, यातायात और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं को बेहतर, सुरक्षित और सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर का स्वरूप तेजी से बदला जा रहा है।

इसी क्रम में गुरुवार को संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नियमित निरीक्षण-68 के तहत आगर रोड स्थित गाड़ी अड्डा से एमआर-4 और एसआर-1 तक बनाए जा रहे नवीन

मार्ग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे। पोल शिफ्टिंग और नाली निर्माण निर्माण एजेंसी के इंजीनियरों ने बताया कि मार्ग के साथ रिटेनिंग वॉल, नाली निर्माण और पोल शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य के दौरान रोड सेफ्टी के सभी नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। आमजन की आवाजाही प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया जाए, ताकि विकास कार्यों के साथ लोगों की सुरक्षा और सुविधा भी बनी रहे।

विश्वस्तरीय धार्मिक नगरी

सिंहस्थ-2028 को लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क चौड़ीकरण, नए मार्गों का निर्माण, पुल-पुलियाएं, घाटों का विस्तार और अन्य अधोसंरचना परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। प्रशासन का लक्ष्य है कि महाकुंभ से पहले सभी प्रमुख परियोजनाएं पूर्ण कर उज्जैन को विश्वस्तरीय धार्मिक नगरी के रूप में विकसित किया जा सके।

नीट सहित हर राष्ट्रीय मुद्दे पर संसद में चर्चा के लिए सरकार तैयार

उज्जैन। उज्जैन-आलोट संसदीय क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया ने संसद भवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में आव्हान करते हुए कहा कि केंद्र सरकार नीट सहित सभी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर संसद के भीतर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने विपक्ष से संसद की गरिमा एवं लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हुए सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाने में सहयोग करने का आग्रह किया। सांसद फिरोजिया ने कहा कि संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहां जनहित एवं राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर तथ्यपरक, सकारात्मक और रचनात्मक चर्चा होनी चाहिए। लोकतंत्र में संवाद, विचार-विमर्श और स्वस्थ बहस ही समस्याओं के समाधान का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि जनता ने जनप्रतिनिधियों को संसद में चर्चा और निर्णय लेने के लिए चुना है, इसलिए

सभी दलों का दायित्व है कि वे सदन की गरिमा को सर्वोपरि रखें। अंत में फिरोजिया ने कहा कि संसद की गरिमा, लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन और सकारात्मक संवाद ही भारत के मजबूत लोकतंत्र की पहचान है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए संसद की कार्रवाई में रचनात्मक सहयोग देने का आव्हान किया।

अब बड़े बकायेदारों पर होगी कुर्की और तालाबंदी की कार्रवाई

- उपायुक्त पटेल ने की संपत्ति कर एवं जलकर विभाग की समीक्षा

उज्जैन। नगर निगम में 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियां शुरू हो गई हैं। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल ने सहायक आयुक्त घनश्याम मचार की उपस्थिति में संपत्ति कर एवं जलकर विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बड़े बकायेदारों को चिन्हित कर तत्काल बिल जारी किए जाएं तथा घर-घर जाकर बिलों का वितरण सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त पटेल ने कहा कि लोक अदालत की तैयारियां मिशन मोड पर की जाएं। जिन करदाताओं को नोटिस जारी किए जाने के बावजूद वे संपत्ति कर एवं जलकर की बकाया राशि जमा नहीं कर रहे हैं। उनके विरुद्ध कुर्की एवं तालाबंदी की कार्रवाई की जाए, ताकि अधिक से अधिक राजस्व की वसूली सुनिश्चित हो सके। जिन उपभोक्ताओं

ने बार-बार नोटिस मिलने के बाद भी अपने नल कनेक्शन वैध नहीं कराए हैं, उनके कनेक्शन भी काटे जाएं। इसके लिए सभी उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर एमपी ई-नगरपालिका पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए।

ऑनलाइन करें भुगतान

बैठक में जानकारी दी गई कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा एमपी ई-नगर पालिका के अंतर्गत व्हाट्सएप चैटबॉक्स सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उपभोक्ता 75524 - 65110 पर मैसेज भेजकर ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। बैठक में सभी जोनों के संपत्ति कर अधिकारी, संबंधित उपयंत्री तथा बिल वितरक कर्मचारी उपस्थित रहे।

29 जुलाई को महिला-पुरुष पहलवान दिखाएंगे दांव पेंच

मारुतिगंज व्यायामशाला करेगी प्रतिभा सम्मान और कुश्ती स्पर्धा का आयोजन

उज्जैन। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 29 जुलाई, बुधवार शाम 7 बजे पीपली नाका चौराहे पर पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता और क्षेत्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष पहलवानों के कुश्ती मुकाबले विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

मारुतिगंज व्यायामशाला के तत्वावधान और क्रीड़ा भारती मालवा प्रांत के सहयोग से होने वाले इस आयोजन का उद्देश्य पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना है। कुश्ती प्रतियोगिता



में आधुनिक तकनीक और निर्धारित खेल नियमों के अनुरूप मुकाबले होंगे। इसके साथ ही क्षेत्र की उन प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने खेल, शिक्षा, समाज सेवा, संस्कृति और शासकीय सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आयोजक व मारुति व्यायामशाला के अध्यक्ष हुक्मचंद्र सांखला (हुक्म पहलवान) और संयोजक गणेश बागड़ी (गज्जू पहलवान) ने क्षेत्रवासियों और खेल प्रेमियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

एक नजर में

लघु उद्योग भारती ने रोपे 100 पौधे

उज्जैन। पर्यावरण संरक्षण और हरित औद्योगिक क्षेत्र के संकल्प के साथ लघु उद्योग भारती अवंतिका इकाई द्वारा नागझिरी औद्योगिक क्षेत्र में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक आदित्य तिवारी रहे। उन्होंने उद्योग जगत से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया। इस अवसर पर औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 100 पौधे रोपित किए गए, जिनमें बरगद, पीपल, नीम, अशोक और अल्स्टोनिया जैसी छायादार प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी उद्यमियों ने अपनी-अपनी इकाई के सामने न्यूनतम दो पौधे लगाने और उन्हें ट्रीगार्ड लगाकर सुरक्षित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जितेंद्र भाटी, सचिव राजेंद्र सिरोलिया, जेरी जस्टिन, ललित शर्मा, राजेश पाटीदार एवं प्रशांत बजाज उपस्थित रहे। संचालन राजेंद्र सिरोलिया ने किया।

चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई

उज्जैन। सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने 23 जुलाई को चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर आजाद गार्डन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर आजाद के नाम पर एक पौधा रोपा गया और चंद्रशेखर आजाद अमर रहे के नारे लगाए गए। मनोज रावत ने कहा कि देश के लिए सबसे बड़ा बलिदान देने वाले चंद्रशेखर आजाद हमारे आदर्श हैं। महेंद्र व्यास और प्रेम नारायण उपाध्याय ने भी देश की आजादी में उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। जयंती के अवसर पर महेंद्र व्यास, प्रेम नारायण उपाध्याय, अनिल शर्मा, अभिजीत जोशी, धर्मेंद्र वाघेला, रवि चौधरी, ऋतिक सोनगरा, नितेश मालवीय और राधेश्याम मालवीय सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कछवाय की जयंती पर पुष्पांजलि

उज्जैन। जनसंघ के नेता और मीसाबंदी रहे पूर्व सांसद स्व. हुकमचंद कछवाय की 93वीं जयंती पर शहर में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संजय ठाकुर ने कहा कि स्व. कछवाय लोकसभा में सर्वाधिक 36000 प्रश्न पूछने वाले पहले सांसद थे। आर्य समाज मार्ग स्थित शिप्रा गैस एजेंसी के समीप संत कबीर दास हॉल में हुकमचंद कछवाय पूर्व सांसद मेमोरियल ट्रस्ट परिवार द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कछवाय ट्रस्ट की अर्चना नरेंद्र कछवाय के अनुसार पुष्पांजलि कार्यक्रम में सत्यनारायण माहेश्वरी, सुनील कछवाय, सलीम भाई, भूपेंद्र कछवाय, सुनील नीमा, पवन काबरा, राहुल कछवाय, आर्यन कछवाय, संतोष सोलंकी, मोहित कछवाय, कौशल कछवाय, जितेंद्र सिंह पवार और लालू गौसर उपस्थित रहे।

शादी के लिए नाबालिग को ले गई थी युवती, पुलिस ने दर्ज किया केस

उज्जैन। जयसिंहपुरा का रहने वाला 15 वर्षीय बालक 13 जुलाई को लापता हो गया था। पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज किया जांच में पता चला कि 18 साल की युवती भी लापता है। उसके परिजनों ने भी शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने दोनों की तलाश कर उन्हें दस्तयाब किया। नाबालिक ने बताया कि युवती उसे शादी के लिए अपने साथ लेकर गई थी।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि 15 साल का बालक 13 जुलाई को घर से दोस्त के जन्मदिन में जाने का बोलकर निकला था जिसके बाद वापस नहीं लौटा था। परिजनों ने तीन दिनों तक तलाश की नहीं मिलने पर शिकायत दर्ज कराई मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया जांच में पता चला कि जयसिंहपुरा की रहने वाली 18 वर्षीय खुशी पिता प्रवेश माली भी 13 जुलाई से लापता है उसके परिजनों द्वारा भी शिकायत दर्ज कराई गई। तकनीकी साथियों से दोनों की जानकारी जुटा गई तो गुजरात में होना सामने आए जिन्हें पुलिस ने दस्तयाब किया। नाबालिक के बयान दर्ज किए गए उसने बताया कि युवती उसे शादी के लिए अपने साथ गुजरात लेकर गई थी। थाना प्रभारी के अनुसार नाबालिक को अपने साथ ले जाने पर युवती के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज किया गया है। फिलहाल दोनों को जमानत पर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

देवास रोड पर किराना दुकान संचालक की दुर्घटना में मौत

- देवासरोड पर दो थाना क्षेत्र के बीच
- 11 घंटे में हुई दो सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई

पहली दुर्घटना सुबह 11 .30 बजे हुई दूसरी दुर्घटना रात 9 .30 बजे हुई

उज्जैन। देवासरोड पर दो थाना क्षेत्र के बीच 11 घंटे में हुई दो सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। पहली दुर्घटना सुबह 11.30 बजे हुई दूसरी दुर्घटना रात 9.30 बजे होना सामने आई है। रात में हुई दुर्घटना में मृतक युवक किराना दुकान संचालक था जिसका गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है।

उंडासा तालाब के पास ग्राम माधोपुरा का रहने वाला किशन पिता रमेशचंद्र 36 साल अपने गांव में ही टायर और किराने की दुकान संचालित करता था। देवास की ओर से अपने गांव लौट रहा था नरवर थाना क्षेत्र के कड़छा मार्ग पर रात 9.30 बजे की लगभग उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में किशन गंभीर घायल हो गया उसे एंबुलेंस अस्पताल लेकर पहुंची लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। अस्पताल की ओर से सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। आज सुबह अस्पताल पुलिस चौकी ने मृतक का पोस्टमार्टम कराया है परिजनों ने बताया कि किशन किराने का सामान लेने गया था और वापस लौट रहा था। दुर्घटना के बाद कुछ लोगों ने उसे पहचान लिया था और भाई मुकेश के मोबाइल पर कॉल कर कर एंबुलेंस द्वारा अस्पताल ले जाए जाने की सूचना दी थी। चौकी पुलिस के अनुसार दुर्घटना का मामला नरवर थाना पुलिस का है, मामले की जांच नरवर थाना पुलिस को भेजी जाएगी। रात में हुई दुर्घटना से पहले बुधवार सुबह 11.30 बजे के लगभग नागझिरी थाना क्षेत्र के देवास रोड स्थित अभिलाषा कॉलोनी के सामने बाइक सवार नारायण दास पिता ओमप्रकाश टेकवानी 64 वर्ष निवासी प्रेम एवेन्यू थाना चिमनगंज को तेज गति से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी। नारायण दास की मौके पर ही मौत हो गई थी। दुर्घटना के बाद अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि नारायण दास अपनी कंट्रक्शन साइट पर जा रहे थे, पुलिस के अनुसार दुर्घटना सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दी है। के आधार पर टक्कर मारने वाले बाइक चालक की तलाश की जा रही है।

सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा

विदित हो कि देवास रोड का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ गया है। दो थानों की सीमा में आए दिन दुर्घटना के मामले सामने आ रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मार्ग चौड़ीकरण के बाद वाहन तेज गति से दौड़ रहे हैं, वहीं इंदौर रोड पर सिक्स लेन का निर्माण कार्य चलने की वजह से उज्जैन देवास मार्ग पर यातायात का दबाव भी बढ़ गया है, दुर्घटना की सबसे बड़ी वजह यही बनी हुई है।

लूट में शामिल बदमाश ने महिला से झपटा चांदी का कंदौरा

उज्जैन। नीलगंगा क्षेत्र में चाकू की नोंक पर लूट करने के साथ अलखधाम नगर में मोबाइल और शास्त्रीनगर में चेन स्नेचिंग की वारदात में शामिल भोपाल के बदमाश ने चिंतामण थाना क्षेत्र में महिला से कंदौर लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। चिंतामण थाना पुलिस ने बदमाश का प्रोटेक्शर रिमांड प्राप्त करने का पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

सुभाषनगर में 14 जुलाई की रात घर के बाहर टहल रहे ओम रेसीडेंसी में रहने वाले किशनानी परिवार के 2 भाईयों और उनकी मां के साथ चाकू की नोंक पर स्कूटी सवार 3 बदमाशों ने चेन, घड़ी लूटने की वारदात की थी। तीनों बदमाशों ने उससे पहले शास्त्रीनगर में चेन और अलखधाम नगर में मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। नीलगंगा थाना पुलिस ने 24 घंटे में भोपाल के बैरागढ़ में रहने वाले बदमाश कुणाल कटारिया और उसके 2 नाबालिग साथियों को गिरफ्तार कर लिया था। लूट में प्रयुक्त स्कूटी नानाखेड़ा से

चोरी की गई थी। भोपाल के बदमाश ने रिमांड पर चार से पांच वारदात कबूली थी। जिसमें 2 माह पहले चिंतामण थाना क्षेत्र में महिला को धमकाकर चांदी का कंदौरा झपटने की वारदात शामिल थी।

तीन चार थानों की वारदातें कबूलीं

नीलगंगा पुलिस ने 3 से 4 थानों की वारदातों का खुलासा होने के बाद बदमाश को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि उनके थाना क्षेत्र में हुई वारदात का भोपाल के बदमाश से खुलासा होने पर उससे पूछताछ के लिये न्यायालय से प्रोटेक्श रिमांड मांगा गया है। रिमांड मिलते ही उसे जेल से थाने लाया जायेगा। विदित हो कि भोपाल का बदमाश उज्जैन में अपने रिश्तेदार के यहां रहकर शहर में वारदात को अंजाम दे रहा था।

पुरानी रंजिश में ड्राइवर पर चाकू से हमला

- पंवासा थाना क्षेत्र के पंड्याखेड़ी का मामला, घायल अस्पताल में भर्ती

उज्जैन। पुरानी रंजिश में बीती रात घर लौट रहे ड्राइवर पर तीन लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंच कर हमला करने वालों की तलाश शुरू की है। पंवासा क्षेत्र के पांडयाखेड़ी में रहने वाला सतपाल पिता लखन सिंह तोमर पुजारी चम्मू गुरु का ड्राइवर है। रात में वह घर लौट रहा था इस दौरान घर से कुछ दूरी पर उसे चिराग, राजू और कान्हा ने रोककर गाली गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। तीनों जान से मारने की धमकी देकर भाग निकली। चाकू बाजी की खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची घायल सतपाल के परिजन भी पहुंच गए थे, उसे उपचार के लिए जरा अस्पताल लाया गया पुलिस ने बयान दर्ज कर हमला करने वाले तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। घायल का कहना था कि चाकू मारने वालों से उसका पुराना विवाद चल रहा है। रंजिश में ही उसे पर हमला हुआ है। पुलिस का कहना है कि हमलावर क्षेत्र के ही रहने वाले हैं जिनकी तलाश में रात को घरों पर दबिश दी गई थी। लेकिन तीनों फरार होना सामने आए।

लोकमान्य तिलक की जयंती मनाई

उज्जैन। क्षीरसागर स्थित तिलक स्मृति मंदिर सभागृह में महाराष्ट्र समाज द्वारा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की 170वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों ने उनके कार्यों और विचारों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, सचिव विश्वास करहाड़कर, कोषाध्यक्ष रविंद्र वि. मुले, सह सचिव मिलिंद पन्हालकर सहित कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप जोग, वसंत आप्टे, संजय दिवटे, चंद्रशेखर केलकर, आलोक मोढ़े, अमित मावलंकर और संजय कुलकर्णी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने तिलक प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का सफल संचालन समाज सचिव विश्वास करहाडकर ने किया तथा आभार कोषाध्यक्ष रविंद्र वि. मुले ने माना।

एक नजर में — कलेक्टर-एसपी ने नागचंद्रेश्वर से रामघाट तक किया निरीक्षण

महाकाल में दर्शन तो घाट पर सवारी की व्यवस्थाएं देखी

उज्जैन। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह व एसपी प्रदीप शर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों को साथ लेकर गुरुवार को महाकाल मंदिर के नागचंद्रेश्वर मंदिर से लेकर ठेठ शिप्रा के रामघाट तक निरीक्षण किया और सभी जगह दर्शन-पूजन व अन्य व्यवस्थाएं देखी। श्रावण व भादो मास में निकलने वाली महाकाल की सवारियां शिप्रा के रामघाट भी जाती है जहां पूजन होता है। इस बात ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने कर्कराज पार्किंग, दत्त अखाड़ा क्षेत्र, चारधाम पार्किंग, झालरिया मठ क्षेत्र, नृसिंह घाट क्षेत्र सहित मुख्य रूप से रामघाट का निरीक्षण किया व आवश्यक निर्देश दिए। श्रावण व भादो में महाकाल की इस बार 6 सवारी है। पहली सवारी 3 अगस्त को तो अंतिम सवारी 7 सितंबर को आएगी। प्रशासन व पुलिस के अधिकारी लगातार निरीक्षण कर दर्शन व सवारियों की व्यवस्थाओं पर ध्यान दे रहे हैं। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह, डीजीपी राकेश गुप्ता, महाकाल मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित एडीएम, एसडीएम आदि अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने निरीक्षण की शुरुआत महाकाल मंदिर से की जहां पर उन्होंने नागचंद्रेश्वर महादेव मंदिर की छत पर जाकर भी व्यवस्थाएं देखी।

टीवी अभिनेत्री रूपाली गांगुली पहुंची महाकाल

टीवी अभिनेत्री रूपाली गांगुली गुरुवार की तड़के उज्जैन आई और महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुई। दो घंटे उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर बाबा की पूरी आरती देखी। इसके बाद गर्भगृह की देहरी से दर्शन कर आशीर्वाद लिया। रूपाली ने कहा कि वह पहली बार 2020 में महाकाल आई थीं। इसके बाद से हर दो-तीन महीने में उनका यहां आना हो जाता है।